उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,
लखनऊ – 226010

संख्या- 143 /06/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2024-25/09-परीक्षा/2022

लखनऊ : दिनांक : 02 सितम्बर, 2025

आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या-09-परीक्षा/2022, कनिष्ठ सहायक मुख्य परीक्षा (प्रा०अ०प०-2021)/09 के अंतर्गत अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग, उ०प्र० शासन के नियंत्रणाधीन कनिष्ठ सहायक के कुल रिक्त 62 पदों पर चयन हेतु भारत के नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे, जिसमें ऑनलाइन आवेदन सबमिट करने की अंतिम तिथि 08.01.2023 थी। तदुपरान्त आयोग की आवश्यक सूचना दिनांक 26.07.2024 द्वारा उक्त विज्ञापित 62 पदों के सापेक्ष 08 पदों को रोकते हुए अवशेष 54 पदों के सापेक्ष लम्बवत एवं क्षैतिज आरक्षणवार पदों का विवरण प्रकाशित किया गया था। उक्त विज्ञापन के सापेक्ष लिखित परीक्षा (मुख्य) दिनांक 19.01.2025 को आयोजित की गयी थी।

प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत विज्ञापित कनिष्ठ सहायक के पद पर चयन के लिये आयोजित लिखित परीक्षा (मुख्य) के स्कोर के आधार पर कनिष्ठ सहायक के कुल रिक्त 54 पदों के सापेक्ष टंकण परीक्षा हेतु चिन्हित 567 अभ्यर्थियों के परिणाम एवं कटऑफ अंक को मा० आयोग द्वारा अनुमोदित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि टंकण परीक्षा हेतु चिन्हित उक्त 567 अभ्यर्थियों में से प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2021 के परिणाम में जांच के अधीन (Under Investigation-UI) रखे गए 02 अभ्यर्थियों (पंजीकरण संख्या-54600088889 व 54600146606) को प्रकरण के परीक्षण के उपरान्त टंकण परीक्षा में प्रतिभाग किए जाने के संबंध में लिए जाने वाले आयोग के निर्णय के अधीन चिन्हित किया गया है।

टंकण परीक्षा हेतु चिन्हित अभ्यर्थियों को टंकण परीक्षा के कार्यक्रम के सम्बन्ध में पृथक से सूचित किया जायेगा।

तदनुक्रम में सम्बन्धित अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या-09-परीक्षा/2022, कनिष्ठ सहायक मुख्य परीक्षा (प्रा०अ०प०-2021)/09 की लिखित परीक्षा के स्कोर के आधार पर टंकण परीक्षा हेतु अर्ह पाये गये 567 अभ्यर्थियों का परिणाम तथा गोपन अनुभाग के पत्र संख्या-981/गोपन/01/07/2024/2025, दिनांक 02.09.2025 द्वारा संसूचित उक्त परिणाम से संबन्धित कट ऑफ अंक (01 पृष्ठ) यथावत आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in पर अपलोड कर दिये गये हैं। सम्बन्धित अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट के Home Page पर उपलब्ध Results Segments पर जाकर वांछित प्रविष्टियां अंकित कर अपना परिणाम ऑनलाइन देख सकते हैं।

संलग्नक- यथोपरि।

02/09/25

(अवनीश सक्सेना)
सचिव।

Abit Bivek

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,लखनऊ।

संख्याः–981/गोपन/01/07/2024/2025

लखनऊः दिनांक 02 सितम्बर, 2025

आयोग के विज्ञापन संख्या–09–परीक्षा/2022, कनिष्ठ सहायक मुख्य परीक्षा–(प्रा0अ0प0–2021)/09 के अंतर्गत रिक्त कुल 54 पदों पर चयन हेतु लिखित परीक्षा (मुख्य) के स्कोर के आधार पर टंकण परीक्षा के लिये अर्ह पाये गये अभ्यर्थियों का कट ऑफ अंकः–

लम्बवत आरक्षण

क्र0सं०	श्रेणी	कटऑफ अंक
1	अनारक्षित	10.50
2	अनुसूचित जाति	02.50
3	अनुसूचित जनजाति	10.50
4	अन्य पिछड़ा वर्ग	10.50
5	आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग	10.50

क्षैतिज आरक्षण

क्र0सं०	श्रेणी		कटऑफ अंक
1	स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित		अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं है।
2	दिव्यांगजन	एल0वी0	उपलब्धता की सीमा तक अभ्यर्थी अपनी मूल श्रेणी में समाहित हैं।
		ओ0एल0	उपलब्धता की सीमा तक अभ्यर्थी अपनी मूल श्रेणी में समाहित हैं।
		डी0डब्ल्यू	उपलब्धता की सीमा तक अभ्यर्थी अपनी मूल श्रेणी में समाहित हैं।
		ए0ए0वी0	अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं है।
3	महिला		उपलब्धता की सीमा तक अभ्यर्थी अपनी मूल श्रेणी में समाहित हैं।
4	सैन्य वियोजित/भूतपूर्व सैनिक		उपलब्धता की सीमा तक अभ्यर्थी अपनी मूल श्रेणी में समाहित हैं।
5	उत्कृष्ट खिलाड़ियों हेतु		वांछित संख्या में अभ्यर्थी अपनी मूल श्रेणी में समाहित है।

02/09/2025

(अवनीश सक्सेना)
सचिव।